प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति

रायपुर। जीएमआर एनर्जी ने प्रतिभावान व उपेक्षित छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दी। इस साल 2.23 लाख की छात्रवृत्ति 6 छात्राओं व 3 छात्रों को इंजीनियरिंग, नर्सिंग व बीएड की पढ़ाई के लिए दी गई। यह छात्रवृत्ति जीसीईएल के सीईओ रविशंकर उपाध्याय, संदीप पाचपोर, के. नागराज, संग्राम सिंह कानूनगो, किशोर राउत, मो. अंसारी, अतुल गुप्ता, धनलक्ष्मी एवं सदानंद उदयवार ने वितरित की। छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस छात्रवृत्ति ने उनकी उच्च शिक्षा के अवरोधों को दूर किया तथा उनके सपनों को अस्तित्व में लाने के लिए बड़ी मदद की। इसके लिए सभी ने जीसीईएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया। छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि सभी को परिश्रम व लगन से पढ़ाई करनी चाहिए, जिससे उनका और उनके माता-पिता का सपना साकार हो सके। जीसीईएल के अधिकारियों ने अपने अपने शिक्षण काल के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया।